## राजनीतिक

- **दिल्ली चुनावः मध्यम वर्ग के समर्थन की लड़ाई**

भारत में मध्यम वर्ग ने परंपरागत रूप से भाजपा का समर्थन किया है, लेकिन दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में, आप का लक्ष्य इस प्रवृत्ति को बदलना है। सबसे सस्ती बिजली, मुफ़्त पानी और मोहल्ला क्लीनिक का वादा करके, आप भाजपा के प्रभुत्व का मुकाबला कर रही है। इस बीच, भाजपा आप की 'स्वच्छ' छवि को कमज़ोर करने के लिए घोटालों को उजागर कर रही है। आप के सामने एक कठिन चुनौती है, उसे उन मध्यम वर्ग के मतदाताओं को फिर से हासिल करने की ज़रूरत है जो पिछले साल के लोकसभा चुनावों में भाजपा में चले गए थे। इसके मध्यम वर्ग-केंद्रित घोषणापत्र का उद्देश्य न केवल भाजपा की आलोचना करना है, बल्कि आप को मध्यम वर्ग की पार्टी के रूप में स्थापित करना भी है।

## प्रशासनिक

- **2025 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सीएमडी और एमडी की प्रमुख सेवानिवृत्ति**

विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के 23 अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) और प्रबंध निदेशक (एमडी) 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। तदनुसार, पीएस मिश्रा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और सुभाष चंद गुप्ता, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड जनवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जबकि इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ मुकेश कुमार और ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड-इंडिया) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एसआर नरसिम्हन अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड; अजय कुमार जॉली, प्रबंध निदेशक, द जूट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड; पवन हंस लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव राजदान और हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सजीव बी मई 2025 में सेवानिवृत्त होंगे। इसी तरह, एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राज कुमार चौधरी और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक आरपी गुप्ता जून 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं; एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह; हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सीएमडीई हेमंत खत्री; एफसीआई अरावली जिप्सम एंड मिनरल्स इंडिया लिमिटेड (एफएजी एमआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमर सिंह राठौर और सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार गुप्ता जुलाई में; भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता; भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक बरनाली बरुआ तोखी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सीएमडी, पीएम प्रसाद अक्टूबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके अलावा, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मधु एस नायर, एमओआईएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना, ओएनजीसी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीनिवास चंद्रशेखर मुदगेरिकर दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होंगे।

- **श्रुति पाठक को भारतीय उच्चायोग में द्वितीय सचिव (एच एंड सी) नियुक्त किया गया**

सहायक निदेशक (राजभाषा), सशस्त्र बल मुख्यालय सुश्री श्रुति पाठक को तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर पोर्ट लुईस (मॉरीशस) स्थित भारतीय उच्चायोग में द्वितीय सचिव (हिंदी एवं संस्कृति) के पद पर नियुक्त किया गया है।

- **अब छत्तीसगढ़ डीजीपी की दौड़ में जीपी सिंह**

अब डीजीपी छत्तीसगढ़ की दौड़ में जीपी सिंह भी शामिल हो गए हैं। वे 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। यह पद फरवरी में खाली हो रहा है।

- **इस महीने दो सीएमडी सेवानिवृत्त होंगे**



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पीएस मिश्रा और मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुभाष चंद गुप्ता जनवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

- **संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं के रूप में पंकज शर्मा का कार्यकाल**

वित्तीय सेवा विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत पंकज शर्मा का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वह 2000 बैच के आईसीएएस अधिकारी हैं।

- **बीएचईएल में परियोजना निदेशकों और जीएम की पार्श्व प्रविष्टि नियुक्तियां**

भारत सरकार की प्रमुख इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पहली बार लेटरल एंट्री के माध्यम से एजीएम और जीएम वेतनमान पर आठ परियोजना निदेशकों की भर्ती करने जा रही है। इसके अलावा, बीएचईएल जीएम वेतनमान पर एक महाप्रबंधक (कानून) की भी भर्ती करेगा। बीएचईएल ने 24 जनवरी, 2025 से ऑनलाइन आवेदन शुरू करते हुए निजी क्षेत्र के लोगों के लिए द्वार खोल दिए हैं।

- **शेली अब्राहम बीपीसीएल के सीएमडी पद की दावेदार**

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की कार्यकारी निदेशक (आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन) शेली अब्राहम, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद की दौड़ में हैं।

- **विलास सोपान वाडेकर को एमआरवीसी का सीएमडी नियुक्त किया गया**

विलास सोपान वाडेकर, जो वर्तमान में मुंबई रेल विकास निगम लिमिटेड (एमआरवीसी) में निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यरत हैं, को 1 फरवरी, 2025 से 31 जुलाई, 2028 को उनकी सेवानिवृत्ति तक एमआरवीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में नियुक्त किया गया है। वह भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) अधिकारी हैं।

# महाकुम्भः न पलक झुकेगी, न मन भरेगा

## देश की विविधता को एकता में बांधने का सबसे बड़ा आयोजन है महाकुम्भ

**महाकुम्भ नगर।**

**तीरथ राज प्रयाग में गंगा, यमुना और अदृश्य त्रिवेणी के महाकुम्भ के बारे में सिर्फ इतना ही कहा जा सकता। खुद में यह अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय है। यहां सिर्फ दो नदियों का पवित्र संगम ही नहीं, अध्यात्म और विज्ञान का भी संगम है। भारत की विराट संस्कृति और बेहद संपन्न धर्म एवं अध्यात्म का जीवंत स्वरूप है वैश्विक समागम के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन प्रयागराज के महाकुम्भ का।**

महाकुम्भ देश की विविधता को एकता में बांधने का सबसे बड़ा आयोजन है। यहां धर्म,कर्म अध्यात्म,भक्ति, उपासना, दर्शन सब कुछ है। साथ ही इस सबका अद्भुत समावेश भी। महाकुम्भ अपनी सनातन परंपरा

वसुधैव कुटुम्बक का उदघोष है।

**वैश्विक है मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुम्भ का स्वरूप :** यहां उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरा भारत मौजूद है। सिर्फ भारत ही क्या संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, रूस, फिजी, मॉरीशस, ट्रिनिडाड, टोबेको, फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया सिंगापुर, आइसलैंड, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ग्रीस दुबई सब कुछ है। इसके इसी विशालता के कारण 2017 यूनेस्को ने कुंभ मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का दर्जा दिया। यूनेस्को की मान्यता योगी की ब्रांडिंग और कुंभ 2019 के सफल आयोजन से वैश्विक आकर्षण का और बड़ा केंद्र हो गया।

**महाकुम्भ की सफलता एक सन्यासी का संकल्प :** उल्लेखनीय है कि 2017 में ही प्रदेश को योगी आदित्यनाथ के रूप में एक ऐसा मुख्यमंत्री मिला जो मूलतः सन्यासी हैं। वह गोरखपुर स्थित उत्तर भारत की प्रमुख पीठ गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं। स्वाभाविक है धर्म, आध्यात्म और योग उनके रुचि के विषय हैं। इसकी वजह से उन्होंने 2019 के कुंभ के सफल आयोजन को मिशन बना लिया। आयोजन सफल भी रहा। अब जब 2025 में महाकुम्भ का आयोजन चल रहा है तब योगी और भी शिद्दत से इसके आयोजन में लगे हैं। उन्होंने कुंभ को तकनीक के इस युग में डिजिटल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। सुरक्षा और सफाई शुरू से उनकी प्रतिबद्धता रही है। वह इस आयोजन में भी दिख रही है।

**गंगा की रेती पर बसा है एक संसार :** गंगा की रेती पर कुछ दिन के लिए ही सही पूरा संसार बसा है। ऐसा संसार जिसमें सबके रहने और खाने का इंतजाम है। रात होते ही रेती पर जगमग तंबुओं के यह संसार झक रोशनी से और निखर जाता है। जगह धर्म, अध्यात्म और भक्ति की गंगा प्रवाहित होने लगती है।

# मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश दिवस पर लोगों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।**

**उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत अन्य नेताओं ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह एक्स पर लिखा कि रघुकुलनंदन प्रभु श्रीराम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, बाबा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत का 'ग्रोथ इंजन' नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। प्रदेशवासियों से अपील करते

हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को 'विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश' बनाने हेतु संकल्पित हों।

उत्तर प्रदेश दिवस के शुभारम्भ कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। यह समारोह 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग करने के साथ उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024-25 प्रदान करेंगे। शुभारम्भ कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

# बारह हजार शंखध्वनियों से गूंजेगा महाकुंभ, विश्व शांति के लिए जलेंगे 27 लाख दीप

**महाकुम्भनगर।**

**इस बार का महाकुम्भ वास्तव में कई मामलों में दिव्य और भव्य है। संत समाज भी इसकी दिव्यता बढ़ाने के लिए अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा से पूरे क्षेत्र को अभिसिंचित कर रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ जहां शंख ध्वनियों से गूजेंगा, वहीं दीपोत्सव का साक्षी भी बनेगा।**

श्री त्रिदंडी स्वामी महाराज के शिष्य श्री जियर स्वामी का सेक्टर-8 में लगा शिविर 27 लाख दीपों से सजेगा,वहीं विश्व शांति? के लिए 12 हजार, 500 शंखध्वनियों से गूंजेगा भी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस शिविर में 10 फरवरी को सायं-4 बजे श्रद्धालु 27 लाख दीप जलाकर मां गगा की आरती उतारेंगे तो 11 फरवरी को सायं-5 बजे बटुक एवं 12 हजार, 500 भक्त एक साथ शंखध्वनि कर गंगा मईया से विश्व शांति कल्याण के लिए कामना करेंगे। यह जानकारी जीयर स्वामी के मीडिया प्रमुख अखिलेश बाबा ने हिन्दुस्थान समाचार को एक विशेष वार्ता के दौरान बतायी। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव व शंखध्वनि के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है।

दीपोत्सव के लिए दीप एवं शुद्ध देशी घी शिविर में पहुंच चुका है। शंखध्वनि के लिए 12 हजार, 500 शंख भी मंगा लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी जीयर जी महाराज के शिविर में जो श्रद्धालु आ रहे हैं, उन्हें ठहरने एवं शुद्ध घी से बने प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। शिविर में हो रही रामकथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

## मौनी अमावस्या पर महाकुंभ के लिए पूर्वोत्तर रेलवे 184 विशेष गाड़ियां चलाएगा

**महाकुंभ नगर।** मौनी अमावस्या महास्नान पर्व पर प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ो श्रद्धालु पवित्र संगम तट पर श्रद्धा की डुबकी लगाएंगे। इसको लेकर पूर्वोत्तर रेलवे ने भी पूरी तैयारी की है। श्रद्धालुओं के प्रयागराज तक आने के लिए 27 से 31 जनवरी के बीच पूर्वोत्तर रेलवे ने 184 मेला विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। साथ ही स्टेशनों पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रबन्धन के साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था, यूटीएस काउंटर, एटीवीएम., रैपिड एक्शन टीम, सी.सी.टी.वी. कैमरे, फुट ओवर ब्रिज, प्रतीक्षालय, बैठने की व्यवस्था, वाटर बूथ, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की गई है।

# पूर्वोत्तर भारत के साधु-संत पहली बार अमृत स्नान पर संगम में लगाएंगे डुबकी

**महाकुम्भनगर।**

**तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के अवसर पर पहली बार पूर्वोत्तर भारत के करीब 150 साधु-संत दूसरे अमृत स्नान पर संगम में डुबकी लगायेंगे। ये सभी संत पूर्वोत्तर भारत के एकलौते महामण्डलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज के नेतृत्व में मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को संगम में डुबकी लगायेंगे। इन संतों के बीच शाही स्नान को लेकर काफी उत्साह है।**

महामण्डलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज ने हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि को एक विशेष वार्ता में बताया कि पूर्वोत्तर भारत के संतों को कुम्भ के इतिहास में पहली पर संगम

में डुबकी लगाने का मौका मिला है। यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी तथा केन्द्र के मोदी सरकार के प्रयास से संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि शाही स्नान में शामिल होने के लिए असम, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम से करीब 150 संत महाकुम्भ क्षेत्र में पहुंचेंगे। इन संतों में अमृत स्नान को लेकर काफी उत्साह है। कुम्भ के इतिहास में पहली बार होगा कि इन राज्यों के विभिन्न जनजातियों से जुड़े धर्माचार्य एवं साधु—संत संगम में डुबकी लगायेंगे। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ क्षेत्र के बजरंग दास मार्ग, सेक्टर-7 में इन सभी संतों की ठहरने की व्यवस्था की गई है। स्नान के दिन ये सभी संत अखाड़ों के साथ संगम में डुबकी लगायेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन की सार्थकता के लिए 'एकनिष्ठ' प्रेम होना चाहिए। परमात्मा को पाना ही वास्तविक आनन्द है। उन्होंने कहा कि गंगा मईया की कृपा सब पर बरसे, सभी सुखी व सम्पन्न हों, विश्व में शांति हो यही कामना है। बताया कि देवी की कृपा हठ से नहीं, द्रवित करके प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि साधना का मतलब ही है 'साधो'। उन्होंने कहा कि साधना से ज्यादा महत्वपूर्ण चिंतन आपका कैसा है यह मायने रखता है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी**

रा. प्र. क्र. 006 अ-20(3) वर्ष 2024-25

**इश्तहार**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती मंजू भारद्वाज पत्नी स्वर्गीय दीपेंद्र भारद्वाज एवं अन्य-2 निवासी इटारसी तहसील इटारसी द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 म. प्र. भू .रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि नजूल शीट नं.18 प्लाट नंबर 18/2 रकबा 450 व. फु. भूमि जो नजूल अभिलेखो में आवेदक गण के पति एवं पिता दीपेंद्र कुमार भारद्वाज आ. बाबूलाल के नाम संयुक्त रुप से दर्ज चला आ रहा है। आवेदक गणो के पति एवं पिता की मृत्यु दिनांक 14/09/2000 को हो चुकी है । आवेदक गण दीपेंद्र कुमार भारद्वाज के विधिक बारसान है तथा आवेदक गण के अलावा अन्य कोई वारसान नहीं है। अतः आवेदक गणो के द्वारा उनके पति एवं पिता दीपेंद्र कुमार भारद्वाज की मृत्यु हो जाने के उपरांत फौती आधार पर आवेदकगणो का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जन सामान्य को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/01/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश ना होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्रवाई की जाकर आदेश पारित किया जाएगा। **नोटः**-नियत तिथि में अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की करवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

**न्यायालय**
**नजूल अधिकारी इटारसी**
AG

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

क्रमांक 7301/राजस्व/भोविप्रा/24
भोपाल, दिनांक 30/12/2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन-01, योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-206, श्री राजीव वाधवा, श्री संजीव वाधवा, श्री रोहित वाधवा एवं श्री मनीष झा के संयुक्त नाम पर अंकित है। आवंटी श्री पी. सी. वाधवा आ. स्व. श्री भोजराज वाधवा कर्ता, श्री मनीष झॉ आ. श्री पी.एन.वाधवा के मुख्तारआम श्री पी.सी. वाधवा एवं मेसर्स असनानी बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा श्री विशन असनानी आ. श्री मनोज बूलचंदानी द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित दुकान नं.-02, ग्राउण्ड-फ्लोर जिसका क्षेत्रफल 200 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 16/03/2000, श्री अब्दुल लाईक आ. श्री अब्दुल हमीद को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया है। श्री अब्दुल लाईक आ. श्री अब्दुल हमीद द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर उक्त दुकान नं.-02, ग्राउण्ड-फ्लोर 200 वर्गफुट का नामान्तरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

3326 **राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्र. 517-बी, मण्डल द्वारा श्री मंकेश बाथम आत्मज स्व. श्री कैलाश नारायण बाथम के नाम से आवंटित है उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दि. 13/1/2009 को पंजीकृत है।श्री मंकेश बाथम आत्मज स्व. श्री कैलाश नारायण बाथम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री इरशाद अली आत्मज श्री मोहम्मद अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/08/2009 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री सलमान खान आत्मज श्री बशीर खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

3325 **सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हर्षवर्धन नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एम.आई.जी.-83 प्रथम तल मण्डल द्वारा श्री धीरेन्द्र भार्गव आत्मज स्व. श्री आनन्द प्रकाश भार्गव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 16/08/2021 को पंजीकृत है। श्री धीरेन्द्र भार्गव आत्मज स्व. श्री आनन्द प्रकाश भार्गव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रीना प्रजापति पत्नी श्री सुनील कुमार प्रजापति को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक15/05/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता /विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती रीना प्रजापति पत्नी श्री सुनील कुमार प्रजापति के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

3324 **सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, संभाग- नर्मदापुरम्**

**आम सूचना**

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पलकमति नगर इटारसी जिला नर्मदापुरम् में स्थित आवंटित भवन/भूखण्ड एम. आई. जी. क्रमांक -16 मण्डल द्वारा श्री संजीव कुमार पटेल पिता श्री सतीश कुमार पटेल के नाम पर आवंटित है। श्री संजीव कुमार पटेल पिता श्री सतीश कुमार पटेल के द्वारा उक्त आवंटित भवन/भूखण्ड एम. आई. जी. क्रमांक-16 को विक्रय कर श्री आशुतोष वर्मा पिता श्री हंसकुमार वर्मा के नाम हस्तांतरित हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करे। समयावधि निकल जाने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
AG **म.प्र. गृह नि.एवं अधो. वि. म. सं. नर्मदापुरम**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्र.क्र. 6968/अ-6/2024-25
मौजा-ईटखेड़ी सड़क तहसील हुजूर,भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्रीमती फरहत जहाँ पुत्री श्री जहीरूल हसन निवासी-साजिदा नगर करबला रोड भोपाल (म.प्र.) ने म.प्र.भू -रा. संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम ईटखेड़ी सड़क तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्र. 31 रकबा 3000 वर्गफिट अर्थात 278.81 वर्गमीटर भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण मे नियत पेशी दिनांक 07.02.25 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 24/01/25 जारी किया गया।

3322 **अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील हुजूर जिला भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्र.क्र. /अ-6/सन् 2024-25
मौजा-लाम्बाखेड़ा हुजूर,भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्रीमती सरिता लोधी पति श्री प्रीतम सिंह निवासी-रायसेन रोड डंगरवारा गौहरगंज रायसेन (म.प्र.) ने म.प्र.भू-रा.संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विकय पत्र के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्र- 281/1/1, 281/1/2, 281/1/3, 281/1/4/1, 281/1/4/2, 281/4 रकबा 800 वर्गफिट अर्थात 74.34 वर्गमीटर भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण मे नियत पेशी दिनांक 31/01/2025 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 26.01.2024 जारी किया गया।

3323 **अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील हुजूर जिला भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्र.क्र. /अ-6/सन् 2024-25
मौजा-लाम्बाखेड़ा तहसील हुजूर, भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्रीमती जिया बाई पति श्री कामता प्रसाद लोधी निवासी-19/1 वार्ड नबंर-15 डंगरवारा गौहरगंज रायसेन (म.प्र.) ने म. प्र. भू-रा.संहिता की धारा 109,110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्र- 281/1/1, 281/1/2, 281/1/3, 281/1/4/1, 281/1/4/2, 281/4 रकबा 800 वर्गफिट अर्थात 74.34 वर्गमीटर भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/01/2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 24.01.25 जारी किया गया।

3324 **अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील हुजूर जिला भोपाल**

# आपका राशिफल 25 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्